बंधक बनाकर डकैती का हुआ पर्दाफाश

टॉवर लगाने का झांसा देकर कुल्पा में बुजुर्ग दम्पत्ति को बंधक बनाकर की थी लूटपाट

बालाघाट, देशबन्धु। जिले के लांजी थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्पा ग्राम में 25 जुलाई को दिनदहाड़े लूटपाट की घटना ने दहशत पैदा कर दी थी। योजनाबद्ध तरीके से 7 लूटेरों ने बुजुर्ग दम्पत्ति को बंधक बनाकर वारदात को अंजाम दिया था। बालाघाट पुलिस द्वारा आमगांव एवं गोंदिया महाराष्ट्र पुलिस की मदद से सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लूटरों को ढूंढ निकाला और मामले का खुलासा किया है। 6 अगस्त को पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने कंट्रोल रूम में प्रेसवार्ता लेकर मामले से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी।

बताया गया कि घटना 25 जुलाई की है जब दोपहर को कुल्पा निवासी शत्रुघ्न लिल्हारे के यहां दोपहर में 4 अज्ञात व्यक्ति मोबाईल टावर लगाने के लिये जगह देखने के बहाने पहुंचे थे। आरोपियों ने फरियादी एवं उनकी

पत्नी से आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक लेकर विश्वास में लिया तथा कागजी कार्यवाही के बहाने घर के अंदर ले गए।

इसके बाद आरोपियों ने हथियारों के बल पर दोनों पति.पत्नी को बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की तथा सोने.चांदी के जेवरात, नगदी, मोबाइल फोन, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक लूटकर फरार हो गए। थाना लांजी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। प्रकरण के खुलासे के लिये गठित टीमों द्वारा घटनास्थल एवं ग्राम कुल्पा से आमगांव मार्ग तक लगे विभिन्न सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया, तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किए गए तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। विवेचना के दौरान थाना आमगांव, जिला गोंदिया महाराष्ट्र पुलिस का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ, जिससे आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण सफलता मिली।

3 लाख 75 हजार रूपये मशरूका जब्त

प्रेसवार्ता में बताया गया कि संदेही नितेश निवासी आमगांव को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसने अपने चार-पांच साथियों के साथ वारदात को अंजाम देने की बात कही। पुलिस ने राजेश भोयर निवासी आमगांव को अभिरक्षा में लिया और अन्य आरोपियों के डकैती किये जाने की बात सामने आई। जानकारी दी गई कि मुख्य आरोपी धीरज और उसका चाचा हेमंत तथा राजेश भोयर ने मोबाईल टॉवर लगाने के लिये पहले बुजुर्ग दम्पत्ति के घर की रैकी की थी। योजनाबद्ध तरीके से लूटपाट की और फिर जेवरात एवं नगदी आपस में बंटवारा किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्कूटी, चांदी की करधनी, चांदी के 3 कड़े सोने की 2 जोड़ी बालियां, सोने का पेंडल और नगदी राशि 50 हजार सहित कुल 3 लाख 75 हजार रूपये का मशरूका जब्त किया।

7 लूटरों ने रची साजिश 5 पकड़ाये, 2 फरार

इस मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक दास उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम शिसला पातुली थाना मध्यमग्राम जिला उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, शिवकुमार दास उम्र 51 वर्ष निवासी ग्राम बसवाडी थाना जसेडी जिला देवघर झारखण्ड, राजेश भोयर उम्र 42 वर्ष निवासी आमगांव जिला गोंदिया महाराष्ट्र, विनोद पासवान थाना सिमुलतला झारखण्ड, धीरज फुण्डे थाना बोरतालाब जिला राजनंदगांव छ.ग., हेमंत फुण्डे थाना आमगांव जिला गोंदिया को गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 2 आरोपी फरार है जिनकी तलाश की जा रही है।

सराफा व्यापारी पर जानलेवा हमला कर लाखों की लूट

रजेगांव में आभूषण का थैला लूटकर आरोपी फरार

बालाघाट, देशबन्धु। जिले के किरनापुर थाना क्षेत्र के रजेगांव में देररात सराफा व्यापारी से लूट का मामला सामने आया है, जिसमें व्यापारी पर डंडे से हमला कर, लूटेरे, नगद रूपए और जेवर का थैला, लूटकर ले भागे। यह सवा महिने में लांजी अनुविभाग क्षेत्र की तीसरी लूट की वारदात है। घटना रात के तकरीबन 9.30 से 10 बजे के बीच की बताई जा रही है, जब सराफा व्यापारी गेंदलाल करंडे अपनी सराफा दुकान बंद कर वाहन से घर जा रहा था। इसी दौरान, दुकान और घर के रास्ते के बीच मोटर सायकिल से आए लूटेरो ने व्यापारी पर डंडे से हमला और मारपीट कर उसके पास रखा थैला लूटकर फरार हो गए। हालांकि, घटना के बाद से व्यापारी के घायल होने और घबरा जाने के कारण उसे घायल हालत में किरनापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने बताया कि अभी व्यापारी घटना से घबराया है, वहीं बयान के बाद साफ हो पाएगा कि लूट में नगद

रकम और जेवर कितने है। हालांकि कोई इसे लाखो तो कोई इसे करोड़ो की लूट बता रहा है। बताया जाता है कि लूटेरो की संख्या आधा दर्जन से ज्यादा थी, जिन्होंने उसी पैटर्न में लूट की वारदात को अंजाम दिया। जिस पैटर्न पर लूटेरो ने 28 जून की रात लांजी मुख्यालय में सराफा व्यापारी कपिल आसटकर के साथ हुई लूट में दिया था। फिलहाल घटना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है और तत्काल ही मामले की जांच के लिए टीम बनाकर संभावित क्षेत्र में आरोपियों की तलाश के लिए रवाना किया गया है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व 28 जून को लांजी मुख्यालय में सराफा व्यवसायी के साथ इसी तरह लाखो की लूट की वारदात हो चुकी है।

वार्ड क्रं.24 में हुआ स्तनपान सप्ताह जागरूकता कार्यक्रम

बालाघाट, देशबन्धु। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के वार्ड क्रं.24 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 51, 53 तथा 79 में संयुक्त रूप से स्तनपान जागरूकता कार्यक्रम में पोषण आहार चावल आधारित खिचड़ी के पैकेट वितरित किये गये। जहां वार्ड पार्षद तथा नगरपालिका में महिला एवं बालविकास सभापति उज्जवल आमाडारे ने नवजात शिशुओं बेहतर स्वास्थ्य एवं कुपोषण की रोकथाम के लिए पोषण आहार को सर्वोत्तम आहार बताया। कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला समूहों के माध्यम से जानकारी दी गई कि गर्भवती एवं धात्री माताओं को जन्म के एक घंटे के भीतर शिशु को स्तनपान शुरू कराना जरूरी है जबकि जन्म से छह माह तक केवल माँ का दूध पिलाने तथा छह माह बाद पूरक आहार के साथ स्तनपान जारी रखने के महत्व भी समझाये गये।

दूषित पानी और भोजन से रहें सावधान, स्वास्थ्य विभाग की एडवाइजरी

बालाघाट, देशबन्धु। वर्षा ऋतु में दूषित पानी और दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से जलजनित एवं संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने नागरिकों से स्वच्छ पेयजल एवं सुरक्षित खानपान अपनाने की सलाह देते हुए कहा है कि थोड़ी.सी सतर्कता गंभीर बीमारियों से बचाव में कारगर साबित हो सकती है। बताया कि देश में जलजनित रोगों से होने वाली लगभग 80 प्रतिशत मौतों का प्रमुख कारण दूषित पानी एवं अस्वच्छता है।

जन विश्वास अभियान का पहला शिविर आज

बालाघाट, देशबन्धु। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ 7 अगस्त से किया जाएगा। अभियान के तहत 7 अगस्त से 8 जनवरी 2027 तक विकासखंडों में शिविर होंगे। अगस्त माह में अभियान के अंतर्गत चार शिविर जिनमें पहला शिविर किरनापुर में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के परिसर में आयोजित होगा।

केन्द्रीय मंत्री गड़करी से मिलकर सांसद पारधी ने की सड़क परियोजनाओं पर चर्चा

बालाघाट, देशबन्धु। लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती भारती पारधी ने बुधवार 6 अगस्त को संसद भवन में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट कर क्षेत्र के सड़क विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की प्रमुख सड़क परियोजनाओं में तेजी लाने तथा स्थानीय नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े विषयों पर मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। सांसद श्रीमती पारधी ने केंद्रीय मंत्री से बालाघाटदृसिवनी सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र गति से पूरा कराने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के पूर्ण होने से दोनों जिलों के बीच आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने लखनादौन-रायपुर एक्सप्रेसवे परियोजना के कार्यों को भी तेजी से आगे बढ़ाने का आग्रह किया। सांसद ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ.साथ व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक

गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। बैठक के दौरान श्रीमती पारधी ने बालाघाट-गोंदिया मार्ग स्थित मर्री टोल प्लाजा पर स्थानीय नागरिकों को टोल शुल्क से राहत प्रदान करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि इस मार्ग का नियमित उपयोग करने वाले स्थानीय लोगों को टोल शुल्क में छूट अथवा पूर्ण राहत दिए जाने से उन्हें बड़ी सुविधा मिलेगी। सांसद श्रीमती भारती पारधी ने कहा कि बालाघाटदृसिवनी लोकसभा क्षेत्र के समग्र विकास, बेहतर सड़क संपर्क और नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए उनका सतत प्रयास जारी है।

कुंडेकसा और बोंदारी में स्वास्थ्य विभाग की विशेष निगरानी

बालाघाट, देशबन्धु। जिले के बिरसा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत अडोरी के ग्राम कुंडेकसा एवं बोंदारी में बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर कुमार सत्यम के निर्देश पर दोनों गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा नियमित स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपचार, दवा वितरण एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बैहर एसडीएम अर्पित गुप्ता ने दोनों गांवों का स्थलीय निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चन्द्रशेखर पाण्डेय, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. निमिष गौतम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बिरसा नितिन भट्ट, ग्राम पंचायत अडोरी के सरपंच सहित स्वास्थ्य विभाग

एसडीएम अर्पित गुप्ता ने किया निरीक्षण

एवं प्रशासन के अधिकारी.कर्मचारी तथा चिकित्सा दल उपस्थित रहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री गुप्ता ने ग्रामीणों से संवाद कर बच्चों एवं अन्य लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्र में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक उपचार, दवाइयों का वितरण तथा निरंतर स्वास्थ्य निगरानी सुनिश्चित की जाए। साथ ही आसपास के गांवों में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर बच्चों एवं ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी संभावित बीमारी की समय रहते पहचान कर उपचार किया जा सके। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए एसडीएम श्री गुप्ता ने कहा कि किसी भी व्यक्ति, विशेषकर बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर बिना देर किए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्राप्त करें। उन्होंने लोगों से अंधविश्वास, पंडा.पुजारी, झाड़.फूंक अथवा अन्य अप्रमाणित उपचार पद्धतियों पर भरोसा नहीं करने और केवल प्रशिक्षित चिकित्सकों की सलाह के अनुसार ही उपचार कराने की अपील की। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता अपनाने की सलाह देते हुए कहा कि घरों एवं आसपास के क्षेत्र की नियमित साफसफाई रखें, पीने के पानी को उबालकर उपयोग करें तथा बासी भोजन के सेवन से बचें।

प्रतिबंधित अवधि में मछली विक्रय पर मत्स्य विभाग की कार्रवाई, 86 किलो मेजर कार्प मछली जब्त

बालाघाट, देशबन्धु। जिले में मछलियों के प्रजनन काल के दौरान मत्स्याखेट पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध मत्स्य विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 6 अगस्त को मत्स्य विभाग ने लालबर्रा, बकोड़ा एवं वारासिवनी के मत्स्य बाजारों में निरीक्षण कर प्रतिबंधित अवधि में मछली विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान 86 किलोग्राम मेजर कार्प मछली जब्त की गई। जब्त की गई मछलियों की नीलामी कर प्राप्त होने वाली 4 हजार 500 रुपये की राशि शासन कोष में जमा कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि मछलियों के प्रजनन काल को सुरक्षित रखने और मत्स्य संपदा के संरक्षण के उद्देश्य से

15 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट एवं प्रतिबंधित अवधि में मछली विक्रय पर रोक लगाई गई है। इस अवधि में नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मत्स्य विभाग ने सभी मछुआरों, मत्स्य व्यापारियों एवं आमजन से अपील की है कि प्रतिबंध अवधि के दौरान मत्स्याखेट एवं मछली विक्रय से संबंधित नियमों का पालन करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मत्स्य संसाधनों के संरक्षण और संवर्धन के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

हर घर तिरंगा और संत रविदास जयंती को लेकर भाजपा की हुई बैठक

बालाघाट, देशबन्धु। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे के कुशल नेतृत्व में राष्ट्रवाद से ओतप्रोत हर घर तिरंगा और तिरंगा यात्रा 9 अगस्त से 15 अगस्त तक ज़िले भर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण आयोजन किए जाएंगे।

साथ ही संत शिरोमणि रविदास महाराज की 650 वीं जयंती के शुभावसर पर समरसता यात्रा, पूजन, समाज सुधारक के मंगलमय कार्यों को जन.जन के सहयोग से संपादित किया जाएगा। इनके निमित्त व्यापक तैयारियों को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। क्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई।

कलेक्टर कुमार सत्यम ने किया वारासिवनी तहसील न्यायालय का औचक निरीक्षण

तीन माह से अधिक प्रकरण लंबित नहीं रखने के निर्देश

बालाघाट, देशबन्धु। कलेक्टर कुमार सत्यम ने गुरुवार 6 अगस्त को वारासिवनी तहसील न्यायालय का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की न्यायिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसील न्यायालय में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने तहसीलदार न्यायालय में संचालित प्रकरणों की विस्तार से जानकारी ली तथा आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज मामलों की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय.सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा कोई भी मामला तीन माह से अधिक अवधि तक लंबित नहीं रहना चाहिए। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने कहा कि न्यायालय में लंबित प्रकरणों की नियमित रूप से प्रतिदिन सुनवाई की जाए, जिससे आम नागरिकों को समय पर न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि पुराने निराकृत प्रकरणों में अमल की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर संबंधित अभिलेखों को अद्यतन किया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायालयीन कार्यप्रणाली एवं रिकॉर्ड संधारण का भी अवलोकन किया तथा अधिकारियों को शासन के निर्देशों के अनुरूप राजस्व प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

असम में जवान शहीद, अंतिम विदाई देने उमड़ा जनसैलाब

वीरगति को प्राप्त हुए विष्णु बघेल, राजकीय सम्मान के साथ पैतृक गांव में हुआ अंतिम संस्कार

बालाघाट, देशबन्धु। जिले के वीर सपूत विष्णु बघेल जो सीआरपीएफ 34 वीं बटालियन असम के नागांव में तैनात थे, गोलीबारी की घटना में वे वीरगति को प्राप्त हो गये। उनके शहादत की खबर से पूरा गांव गमगमीन हो गया। घटना मंगलवार को हुई और उनके पार्थिव शरीर को गृहग्राम परसवाड़ा के भीकेवाड़ा (शेरपार) लाया गया जहां इस शहीद जवान की एक झलक पाने के लिये ग्रामीणों का सैलाब उमड़ पड़ा और देशभक्ति गीतों तथा जब तक सूरज चांद रहेगा..विष्णुसिंह का नाम रहेगा जैसे नारों के बीच राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

अचानक हुई गोलीबारी, 2 शहीद, एक घायल

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार विष्णु बघेल पदोन्नति के बाद हाल ही में असम स्थानांतरित हुये थे। घटना 4 अगस्त की सुबह सीआरपीएफ कैम्प में हुई जहां वे गेट गार्ड की ड्यूटी पर तैनात थे तभी एएसआई बलानी प्रेमावरम ने इंसास राइफल से गोलीबारी कर दी और इस घटना में विष्णु बघेल के पेट में गोली लगी थी। साथ ही एसआई रामनवल सिंह यादव की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एएसआई माने गोविंद के पैर में गोली लगने से वे घायल है। विष्णु बघेल को गंभीर अवस्था में उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया। गोलीबारी करने वाले प्रेमावरम ने बाद में खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

परिवार और ग्रामीणों के छलकें आंसू

शहीद विष्णु बघेल का शव तिरंगे ध्वज में लिपटा हुआ उनके गृहग्राम शेरपार पहुंचा जहां परिजन और ग्रामीणों की आंखें रम हो गई और गमगीन माहौल में शहीद के माता-पिता और पत्नी तथा बेटे का रो-रोकर बुरा हाल था। शहादत पर देशभक्ति गीतों और नारों के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई जहां सैन्य और राजकीय सम्मान के साथ उनके पार्थिव देह का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत, जनप्रतिनिधियों के साथ ही ग्रामीणों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।